प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
जालौन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांक 1328 / एम–49 / 73 दिनांक 26-05-2026

**विषयः–** **यूनीवार्ता न्यूज चैनल के माध्यम से दिनांक 26.05.2026 में प्रकाशित समाचार का शीर्षक ''हर घर जल योजना में अनियमिततओं का आरोप'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक यूनीवार्ता न्यूज चैनल के माध्यम से दिनांक 26.05.2026 में प्रकाशित समाचार का शीर्षक ''हर घर जल" योजना में अनियमिततओं का आरोप" में अवगत कराया गया है कि जनपद जालौन में सला पेयजल योजना में मात्र 40 से 50 ग्रामों में जलापूर्ति हो रही है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सला ग्राम समूह पेजयल योजना से 197 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 90 ग्रामों में पूर्ण क्षमता पर सभी घरों में जलापूर्ति की जा रही है तथा शेष ग्रामों मे विद्युत की उपलब्धता के आधार पर जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र में वर्णित खबर भ्रामक एवं तथ्यहीन है तथा भाकियू के जिला प्रवक्ता का वक्तव्य मात्र है।

(ए0के0 गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 व दिनांक–यथोपरि**
**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, जालौन को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, जालौन।
3. जिला सूचना अधिकारी, जालौन।

अधिशासी अभियन्ता



CamScanner

UNIवार्ता
UNITED NEWS OF INDIA

Tuesday, May 26 2026 | Time 13:53 Hrs(IST)




Posted at: May 25 2026 4:54PM

# हर घर जल योजना में अनियमितताओं का आरोप, किसानों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

जालौन, 25 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में संचालित जल जीवन मिशन एवं 'हर घर जल योजना' के कार्यों में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।
भाकियू के जिला प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को आरोप लगाया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन जिले के अधिकांश गांवों में आज भी नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।
उन्होंने कहा कि संबंधित कार्यदायी संस्था को कार्य पूर्ण करने के लिए तीन से चार बार समयवृद्धि दी जा चुकी है, इसके बावजूद परियोजना अब तक अधूरी है। आरोप है कि पिछले लगभग एक वर्ष से अधिकांश स्थानों पर कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है। कंपनी ने केवल 40 से 50 गांवों में जलापूर्ति शुरू की है, लेकिन वहां भी सभी घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। कई गांवों में केवल 15 से 20 प्रतिशत घरों में ही जल कनेक्शन सक्रिय बताए गए हैं।

**विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।.**

## UNI Photo



NEW DELHI, 26 MAY (UNI):-Union for External Affairs, Dr. Subrahmany Jaishankar, Foreign Minister Penny Australia, Minister of Foreign Affairs Toshimitsu Motegi and Secretary of Rubio of the United States during the Foreign Ministers' meeting at Hyder

## More News

### संभल में दो कारों में टक्कर,पिता पुत्री की मौत

26 May 2026 | 1:07 PM

संभल, 26 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश में संभल जिले के कैलादेवी थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के दो कारों की भीषण टक्कर में दिल्ली निवासी पिता-पुत्री की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य घायल हो गए।.

see more..

### प्रयागराज के अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप

26 May 2026 | 12:50 PM

प्रयागराज, 26 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के धूमनगंज क्षेत्र स्थित शंभूनाथ हॉस्पिटल के कर्मचारी और प्रबंधन के खिलाफ मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने के गंभीर

## Other Links

UNI (News Agency)
Indian News Agency

UNI-Urdu Service (News Agency)
Indian News Agency

UNI Mail

CamScanner